संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

20th May, 2024

**DO No. 21/News Letter/CH(IC)/2024**

Dear Colleague ,

The recently concluded HR conference at the NACIN Palasamudram campus was a resounding success, bringing together senior officers of the Department to delve into the four critical pillars of HR management – cadre management, capacity building, vigilance administration, and infrastructure development. The topics in this day-long conference were selected in a manner that the focus areas of the Board were discussed. Such conferences are instrumental in not only identifying challenges but also in crafting actionable solutions that can be implemented across the cadre. The insights gained from the discussions shall pave the way for continuous improvement and adaptation in HR practices, which is essential for organizational growth and effectiveness.

Alongside the sessions, *Swachhta Awards* were handed over to the best performing Zones/ Directorates/ Commissionerates/ Zonal Units for their Swachhta Projects and two publications – '5th Edition of Swachhta Uday' and 'Flora of Palasamudram' – were released. The hard work of DGHRM and NACIN in curating and organizing the Conference also deserves special mention.

The CBIC and the Federal Customs Service, Russia signed the Authorized Economic Operator (AEO) Mutual Recognition Agreement, which is a major trade facilitation boost for Indian importers and exporters. While this is the 7th MRA that has been signed by Indian Customs, negotiations are being actively pursued with many other Customs' administrations.

Going through the anti-evasion performance of last week, I found an interesting case booked by the Directorate of Revenue Intelligence (DRI) Kolkata

Zonal Unit. The officers of DRI Kolkata developed specific intelligence that a syndicate was involved in illegally transferring foreign exchange out of India by importing cheap quality Electric Supply Conductor Devices at highly inflated prices through newly formed firms located overseas. To avoid paying Customs duty on these overvalued goods, the goods would be re-exported albeit without any corresponding foreign exchange inflow. The swift action of the officers led to seizure of goods having a declared value of Rs. 122.21 Crores. A middleman has also been arrested for his complicity. This is a typical example of Trade-based Money Laundering.

This morning, I was greeted with the exhilarating news that Shri Yogesh Kathunia from the Delhi CGST Zone has won the Silver Medal at the Para Athletics World Championship 2024 in Kobe, Japan. Congratulations, Yogesh, on your outstanding performance. May many more laurels await you on your journey ahead!

In another feather in the cap of CBIC, Mumbai Customs ace athlete Ms. Abha Khatua won Gold medal in women's Shot Put event in the $27^{th}$ National Federation Senior Athletics Competition at Bhubaneswar. Your remarkable performance of 18.41 meters, which not only secured you the top position but also set a new National Record, surpassing the previous record of 18.06 meters, fills us with immense pride!

*Until next week!*

Yours sincerely,

**(Sanjay Kumar Agarwal)**

All Officers and Staff of the Central Board of Indirect Taxes & Customs.

संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

20 मई, 2024

DO No. 21/News Letter/CH(IC)/2024

प्रिय सहकर्मी ,

NACIN पालासमुद्रम परिसर में हाल ही में संपन्न मानव संसाधन (HR) कांफ्रेंस की शानदार सफलता रही, जिसमें विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मानव संसाधन (HR) प्रबंधन के चार महत्वपूर्ण स्तंभों - कैडर प्रबंधन, कैपेसिटी बिल्डिंग (क्षमता निर्माण), सतर्कता प्रशासन और आधारिक संरचना के विकास पर विचार करने के लिए एक साथ लाया गया। दिन भर चले इस कांफ्रेंस में विषयों का चयन इस प्रकार किया गया कि बोर्ड के फोकस क्षेत्रों पर चर्चा हो। इस तरह की कांफ्रेंस न केवल चुनौतियों की पहचान करने में बल्कि व्यावहारिक समाधान तैयार करने में भी सहायक होती हैं जिन्हें पूरे कैडर में लागू किया जा सकता है। चर्चाओं से प्राप्त अंतर्दृष्टि मानव संसाधन अभ्यासों में निरंतर सुधार और अनुकूलन का मार्ग प्रशस्त करेगी, जो संगठनात्मक विकास और प्रभावशीलता के लिए आवश्यक है।

सत्रों के साथ-साथ, सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों/निदेशालयों/आयुक्तालयों/क्षेत्रीय इकाइयों को उनकी स्वच्छता परियोजनाओं के लिए स्वच्छता पुरस्कार सौंपे गए और दो प्रकाशन – 'स्वच्छता उदय की 5वीं इकाई और 'फ़्लोरा ऑफ पालासमुंद्रम' - जारी किए गए। सम्मेलन के संचालन और आयोजन में DGHRM और NACIN की कड़ी मेहनत भी विशेष उल्लेख के योग्य है।

सीबीआईसी और फेडेरल कस्टम सर्विस, रूस ने ऑथराइज्ड इकोनॉमिक ऑपरेटर (AEO) Mutual Recognition Agreement पर हस्ताक्षर किए, जो भारतीय आयातकों और निर्यातकों के लिए एक प्रमुख व्यापार सुविधा को बढ़ावा देगा। यह 7वां MRA है जिस पर भारतीय सीमा शुल्क द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं तथा कई अन्य सीमा शुल्क प्रशासनों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की जा रही है।

पिछले सप्ताह के कर-अपवंचन विरोधी प्रदर्शन को देखने पर मुझे राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) कोलकाता जोनल यूनिट द्वारा दर्ज एक दिलचस्प मामला मिला। डीआरआई कोलकाता के अधिकारियों ने विशिष्ट जानकारी विकसित की जिसमे  एक सिंडिकेट जो कि विदेशों में स्थित नवगठित फर्मों

North Block, New Delhi-110 001 Tel. : +91-11-23092849, 23092890 E-mail : sanjayk.agarwal@gov.in

के माध्यम से अत्यधिक बढ़ी हुई कीमतों पर सस्ती गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रिक सप्लाई कंडक्टर उपकरणों का आयात करके भारत से अवैध रूप से विदेशी मुद्रा बाहर भेजने में शामिल था। इन अधिक मूल्य वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क का भुगतान करने से बचने के लिए, वस्तुओं को किसी भी विदेशी मुद्रा प्रवाह के बिना फिर से निर्यात किया जाता। अधिकारियों की इस कार्रवाई से 122.21 करोड़ रूपए की घोषित मूल्य का माल जब्त कर लिया गया। एक बिचौलिए को भी उसकी संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग का एक विशिष्ट उदाहरण है।

आज सुबह, मुझे यह उत्साहवर्धक समाचार मिला कि दिल्ली सीजीएसटी जोन के श्री योगेश कथूनिया ने जापान के कोबे में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 में रजत पदक जीता है। योगेश, आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई। आपकी आगे की यात्रा में और भी अधिक ख्यातियाँ आपका इंतजार कर रही है !

सीबीआईसी की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए, मुंबई कस्टम्स की शीर्ष एथलीट सुश्री आभा खाटुआ ने भुवनेश्वर में 27वीं राष्ट्रीय संघीय वरिष्ठ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। 18.41 मीटर का आपका उल्लेखनीय प्रदर्शन, जिसने न केवल आपको शीर्ष स्थान दिलाया, बल्कि 18.06 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, यह उपलब्धि हमें अत्यंत गर्व से भर देती है!

अगले सप्ताह तक ।

भवदीय,

संजय कुमार

**(संजय कुमार अग्रवाल)**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण।